INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ 6 - संस्कार पुस्तक है	Topic: Question bank and Grammar	Note: Pl. write in your note book

अति लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न - 1 इतिहास कौन लिखता है ?

उत्तर - इतिहास विद्वान लिखते हैं।

प्रश्न - 2"संसार पुस्तक है" पाठ के लेखक कौन हैं?

उत्तर - "संसार पुस्तक है" पाठ के लेखक पं० जवाहरलाल नेहरू हैं।

प्रश्न- 3"संसार पुस्तक है" नेहरू जी ने यह पत्र किसको लिखा था?

उत्तर- "संसार पुस्तक है" नेहरू जी ने यह पत्र अपनी पुत्री इंदिरा को लिखा था।

प्रश्न - 4 खत में इंग्लैंड को क्या कहा गया है?

उत्तर- खत में इंग्लैंड को एक छोटा - सा टापू बताया गया है।

प्रश्न - 5 हमें पुराने समय की जानकारी किस माध्यम से मिलती है ?

उत्तर- हमें पुराने समय की जानकारी इतिहास की पुस्तकों से मिलती है।

प्रश्न -6 बहुत पुराने समय का इतिहास न मिलने का कारण क्या है ?

उत्तर- बहुत पुराने समय का इतिहास न मिलने का कारण – कोई लिखनेवाला न होना है।

प्रश्न -7 इलाहाबाद भारत के किस प्रांत का शहर है ?

उत्तर- इलाहाबाद भारत के प्रांत "उत्तर प्रदेश" का शहर है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1-" प्रकृति के अक्षर" क्या हैं ?

उत्तर- जो अक्षर हमें धरती के बारे में ज्ञान देते हैं, जैसे कि पेड़-पौधे,पत्थर हड्डियाँ ,सड़कें, पहाड़, नदियाँ, आदि सब "प्रकृति के अक्षर" हैं ।

प्रश्न 2- लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी ?

उत्तर- लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व हमारी धरती बहुत गर्म थी। इस पर कोई जीव जीवित नहीं रह सकता था।

प्रश्न 3 - हम इतिहास में क्या पढ़ते हैं?

उत्तर- हम इतिहास में विभिन्न देशों के बीते हुए समय की जानकारी पढ़ते हैं, जैसे- हिंदुस्तान और इंग्लैंड का इतिहास।

प्रश्न 4- लेखक ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है?

उत्तर- जैसे पुस्तक पढ़कर बहुत-सी जानकारी प्राप्त की जा सकती है, वैसे ही संसार में रहकर भी हमें बहुत-सी जानकारियाँ प्राप्त हो सकती हैं। इसलिए लेखक ने संसार को पुस्तक कहा है।

प्रश्न 5- एक रोड़ा दरिया में लुढ़कता-लुढ़कता किस रूप में बदल जाता है?

उत्तर- रोड़ा दरिया में लुढ़कते-लुढ़कते छोटा होता जाता है और अंत में रेत का कण बन जाता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1- नेहरू जी ने पुत्री को क्या सलाह दी ?

उत्तर- नेहरू जी ने पुत्री को कहा कि इंग्लैंड केवल एक छोटा-सा टापू है और हिंदुस्तान,जो एक बहुत बहुत बड़ा देश है , फिर भी दुनिया का एक छोटा-सा हिस्सा है।अगर तुम्हें इस दुनिया का कुछ हाल जानने का शौक है, जो तुम्हें सब देशों को और उन सब जातियों का जो इसमें बसी हुई हैं, का ध्यान रखना पड़ेगा, केवल उस एक छोटे-से देश का नहीं जिसमें तुम पैदा हुई हो।

प्रश्न 2 - गोल, चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है ?

उत्तर- गोल और चमकीला दिखाई देने वाला रोड़ा पहले ऐसा नहीं था ।पहले वह चट्टान का टूटा नोकीला खुरदरा टुकड़ा था। बारिश के पानी में बहकर वह छोटी घाटी तक आया । वहाँ से एक पहाड़ी नाले ने ढकेल कर उसे एक छोटे-से दरिया में पहुँचा दिया।पानी के साथ निरंतर ढकेले जाने के कारण उसके कोण घिसकर गोल और चमकदार बन गए।

व्याकरण भाग -

प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए -

1 -	पुत्री -	बेटी ` ,	सुता ,	आत्मजा
2 -	शत्रु -	अरि ,	वैरी ,	दुश्मन
3 -	नारी -	स्त्री ,	महिला ,	अबला
4 -	चंद्रमा -	चाँद ,	शशि ,	राकेश
5 -	रात -	रात्रि ,	निशा ,	रैन
6 -	तालाब -	सर ,	ताल ,	सरोवर

7 - वायु - पवन , हवा , अनिल

प्रश्न- 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए -

1 - आगे - पीछे
2 - पाप - पुण्य
3 - मालिक - नौकर
4 - कायर - वीर
5 - गंदा - साफ़
6 - पुराना - नया
7 - राजा - रंक
8 - सुर - असुर

प्रश्न- 3 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

1- बिना सोचे समझे किया गया विश्वास - अंधविश्वास
2- आज्ञा का पालन करने वाला - आज्ञाकारी
3- जिसे लज्जा न आती हो - निर्लज्ज
4- वर्ष में एक बार होने वाला - वार्षिक
5- जिस ने कोई अपराध न किया हो - निरपराध
6- जिसका कोई इलाज न हो - लाइलाज
7- जो साथ पढ़ता हो - सहपाठी

प्रश्न 4- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए |

1- बच्चे पढ़ रहे हैं किताब।
उत्तर- बच्चे किताब पढ़ रहे हैं।

2- क्या आप नाश्ता कर लिए हैं ?
उत्तर- क्या आपने नाश्ता कर लिया है ?

3- ड्राइवर मीरा को कार चलाना सीख रहा है।

उत्तर- ड्राइवर मीरा को कार चलाना सिखा रहा है।

4 - वह हिमालय पहाड़ पर चढ़ गया ।

उत्तर- वह हिमालय पर चढ़ गया।

5- लड़की गाना गा रहा है ।

उत्तर- लड़की गाना गा रही है ।

6- तुम्हें अभी बहुत बातें सीखना है।

उत्तर- तुम्हें अभी बहुत बातें सीखनी हैं ।

7- महादेवी वर्मा एक कवि थीं।

उत्तर - महादेवी वर्मा एक कवयित्री थीं ।

8- उसके पास केवल मात्र पचास पैसे हैं।

उत्तर- उसके पास केवल पचास पैसे हैं।

****